प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 30.01.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज वित्त विभाग के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक : परियोजनाओं के लिए मंत्री स्तर से मिलने वाली स्वीकृति की सीमा को 10 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 50 करोड़ रुपये करने का दिया निर्देश।
2. केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गौतमबुद्ध नगर में आयोजित वर्ल्ड फोरम ऑफ़ अकाउंटेंट्स 2026 का किया उद्घाटन : कहा– सरकार की नीतियों के चलते अंतरराष्ट्रीय मंच पर सशक्त पहचान बना रहा है भारत।
3. कृतज्ञ राष्ट्र आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि पर अर्पित कर रहा है श्रद्धांजलि : प्रदेशभर में हुआ प्रार्थना सभाओं का आयोजन। और
4. मतदाताओं की सुविधा के लिए कल विशेष अभियान चलाएगा निर्वाचन आयोग : एसआईआर के तहत समस्त बूथों पर किया जाएगा ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रदर्शन।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में वित्त विभाग की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने परियोजनाओं के लिए विभागीय मंत्री स्तर से मिलने वाली स्वीकृति की सीमा

को 10 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 50 करोड़ रुपये करने का निर्देश दिया । पेश है एक रिपोर्ट......

*बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में परियोजनाओं की वित्तीय स्वीकृति प्रक्रिया को तेज, सरल और पारदर्शी बनाने पर जोर दिया है। उन्होंने 50 से 150 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं की मंजूरी वित्त मंत्री स्तर से और 150 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की स्वीकृति मुख्यमंत्री स्तर से दी जाए, जिससे परियोजनाओं को समय पर वित्तीय मंजूरी मिले और काम तेजी से आगे बढ़े। उन्होंने निर्देश दिए कि केंद्र सरकार की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में राज्य गारंटी पॉलिसी लागू की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को सुदृढ़, पारदर्शी और रिजल्ट ओरिएंटेड वित्तीय प्रबंधन का आदर्श राज्य बनाना है। इसके लिए सभी विभाग समयबद्धता, गुणवत्ता, पारदर्शिता और डिजिटल प्रक्रियाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

———————————

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल आज गौतमबुद्ध नगर में आयोजित वर्ल्ड फोरम ऑफ़ अकाउंटेंट्स 2026 के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत तेज़ी से एक मजबूत वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है। सरकार की नीतियों, सुधारों और उद्योग–अनुकूल वातावरण के चलते देश न केवल आत्मनिर्भर बन रहा है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी अपनी सशक्त पहचान स्थापित कर रहा है। श्री गोयल ने कहा कि भारत ने 8 देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं जो देश के विकास को नई दिशा दे रहे हैं।

बाइट......

*हमने आठ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट गत 4 वर्षों में किए हैं। यह आठ एग्रीमेंट सभी के सभी विकसित देशों के साथ। यह आठ एग्रीमेंट ऐसे देशों के साथ हुए हैं जो समृद्ध हैं, जिनकी पर कैपिटा जीडीपी हमसे काफी बड़ी है, जिसमें लेबर कॉस्ट ज्यादा है, जिसमें लेबर की साधारणता शॉर्टेज है, जहां पर हमें नए अफसर मिलेंगे विशेषकर उन क्षेत्रों में जहां पर हमारी ताकत है।*

————————————

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझो ने आज प्रयागराज माघ मेले में युवा चेतना शिविर में हिस्सा लिया। इस दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि सूक्ष्म और मध्यम लघु और मध्यम उद्यम विभाग ने पड़े पैमाने पर लोगों को रोज़गार से जोड़ा है। एक फरवरी को संसद में पेश होने वाले बजट को लेकर उन्होंने कहा कि सरकार समाज के सभी वर्गों को ध्यान में रखकर बजट लाती है। इस बार का बजट भी 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखकर लाया जाएगा। बाइट......

*हर साल हमारा बजट जो होता है, उसमें कुछ ना कुछ विशेषताएं होती है। इस बजट में भी हम समझते हैं कि सभी लोगों से राय लिया गया विभिन्न तबके के लोगों से जिसमें अनइंप्लॉयमेंट पर और फिर खास करके हमको जो स्पेस में जाने की बात है, सो है या एआई है सो है उस पर इस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और भारत को कैसे 2047 में स्वावलंबी बनावे, भारत संसार का विकसित राष्ट्र में आ जाए इसके लिए प्रयास कर रहे हैं।*

————————————

राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने आज अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में परिसर में निर्माण कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान मीडिया से बातचीत में

उन्होंने बताया कि 19 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अयोध्या दौरा प्रस्तावित है। इस दौरान राष्ट्रपति के हाथों राम मंदिर परिसर में निर्माण कार्य में जुटे लगभग 400 श्रमिकों को सम्मानित करने का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बाइट.....

*सर्वप्रथम तो आदरणीय राष्ट्रपति जी से ट्रस्ट के सदस्य गण मिले थे। उन्होंने अयोध्या आने के लिए और भगवान के दर्शन करने के लिए आमंत्रण दिया है। यह आशा की जा रही है कि वह अपने कार्यक्रम में कदाचित मार्च महीने में यहां की तिथि निश्चित कर सकेंगे। अभी औपचारिक सूचना तो नहीं मिली है लेकिन अनौपचारिक रूप से यह पता लग गया है कि उन्होंने सिद्धांत अपनी सहमति दे दी।*

श्री मिश्र ने जानकारी दी कि राम मंदिर की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर को और समृद्ध करने के लिए दिल्ली स्थित केंद्रीय संस्कृति विश्वविद्यालय ने करीब 400 वर्ष पुरानी वाल्मीकि रामायण राम मंदिर ट्रस्ट को सौंपी है। इसके साथ ही कांची कामकोटि पीठ के शंकराचार्य द्वारा राम यंत्र स्तोत्र भी ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को सौंपा गया है। इन दोनों पवित्र

————————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0

पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

आज शहीद दिवस पर देश राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 78वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इसी क्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने जनभवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राष्ट्र के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन भी रखा गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी लखनऊ के जीपीओ पार्क स्थित गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि श्रद्धेय बापू का सत्यनिष्ठ आचरण, अहिंसा की उनकी अडिग साधना और मानवता के प्रति अनन्य करुणा, संपूर्ण विश्व को सदैव आलोकित करती रहेगी। उन्होंने सभी से बापू के आदर्शों को आत्मसात कर समृद्ध, न्यायपूर्ण और विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बापू से मिले मार्गदर्शन को आत्मसात कर देश को प्रगति के रास्ते पर ले जाने का काम कर रहे हैं। बाइट.....

*बापू जी की आज पूर्ण तिथि है और हम सब उत्तर प्रदेश वासी बापू के चरणों में नमन करते हैं, श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और बापू के बताए हुए रास्ते पर आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जिस ढंग से देश को मार्गदर्शन देने का काम किया है, चाहे स्वच्छता हो, चाहे सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास हो। हम सब पूजी बापू जी को सच्ची श्रद्धांजलि ही है। उनके बताए हुए रास्ते पर हम सब आगे बढ़ेंगे।*

वाराणसी के महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में राष्ट्रपिता की पुण्यतिथि पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

———————————

विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के तहत प्रदेश के मतदाताओं की सुविधा के लिए कल एक बार फिर से समस्त बूथ लेवल अधिकारी अपने बूथों पर सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 तक ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रदर्शन करेंगे। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि ऐसे मतदाता जो मृतक, अनुपस्थित, दोहरी प्रविष्टि, स्थानांतरित श्रेणी में शामिल हैं उनकी सूची भी प्रदर्शित की जाएगी। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की है कि अपने बूथ पर जाकर 06 जनवरी को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांच लें। जिनका नाम आलेख्य मतदाता सूची में न हो , वे घोषणा पत्र के साथ फॉर्म 6 भरकर अपने बीएलओ को उपलब्ध करा दें या पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करें।

———————————

प्रदेश के नगर विकास व ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा आज मऊ में आयोजित रोजगार मेले में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के दूसरे चरण के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए।

——————————

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज वाराणसी में तीन दिवसीय पिंडरा महोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काशी कॉरिडोर के माध्यम से काशी का ऐतिहासिक कायाकल्प हुआ है, जिससे प्रदेश की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाई मिली है। उन्होंने कहा कि काशी और अयोध्या के बाद अब सरकार मथुरा–वृंदावन के विकास को गति देने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

——————————

बीते 24 घंटों में प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जनपदों में कई स्थानों पर घना कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग के मुताबिक बरेली, सहारनपुर और आगरा में दृश्यता शून्य रही। विभाग ने कल भी राज्य के पूर्वी और पश्चिमी जनपदों में घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

(समाप्त)